
# पंचायत स्तर पर चल रहे अभियान में न हो कोई लापरवाही: डीएम

## डीएम ने किया बिजरौल गांव स्थित पंचायत घर पहुंचकर फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण कार्य का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविार को किसानों को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने और खेती को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने की दिशा में जिले में चल रहा फार्मर रजिस्ट्री अभियान अब गांव-गांव रफ्तार पकड़ रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने बड़ौत तहसील के बिजरौल गांव स्थित पंचायत घर पहुंचकर चल रहे फार्मर रजिस्ट्री पंजीकरण कार्य का औचक निरीक्षण किया और अभियान की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से बातचीत कर फीडबैक लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के हर पात्र किसान का पंजीकरण समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए।



निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने और कृषि व्यवस्था को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने अधिका. रियों से स्पष्ट रूप से कहा कि पंचायत स्तर पर चल रहे इस अभियान में किसी प्रकार की लाप. रवाही न बरती जाए और गांव-गांव तक इसकी जानकारी पहुंचाई जाए ताकि कोई भी पात्र किसान इससे वंचित न रह जाए। जिले में फार्मर रजिस्ट्री के लिए पंचायत घरों और जन सेवा केंद्रों को मुख्य पंजीकरण केंद्र बनाया गया है। यहां किसान अपने आवश्यक दस्तावेज लेकर पहुंच रहे हैं और अपना पंजीकरण करा रहे हैं। प्रशासन की ओर से गांवों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि किसानों को दूर जाने की आवश्यकता न पड़े और वे अपने गांव में ही आसानी से पंजीकरण करा सकें। इस अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक किसान को फार्मर रजिस्ट्री से जोड़ना है। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक किसानों तक लाभ पहुंचाने में आसानी होगी। प्राकृतिक आपदाओं के समय भी फार्मर रजिस्ट्री प्रणाली काफी उपयोगी साबित हो सकती है। अक्सर ओलावृष्टि, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक कारणों से फसल खराब होने पर मुआवजा वितरण में समय लग जाता है, लेकिन यदि किसानों और उनकी जमीन का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध होगा तो नुकसान का आकलन और राहत वितरण की प्रक्रिया काफी तेजी से पूरी की जा सकेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का बागपत जिला कृषि के लिए जाना जाता है। यहां बड़ी संख्या में किसान गन्ना, गेहूं और सब्जियों की खेती करते हैं। ऐसे में फार्मर रजिस्ट्री बनने से जिले के किसानों को सरकारी योजनाओं और कृषि सुविधाओं से जोड़ने में काफी मदद मिल सकती है। फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसानों को कुछ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होते हैं। इनमें मुख्य रूप से आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक और जमीन का खसरा-खतौनी विवरण शामिल है। इन दस्तावेजों के आधार पर किसान की जानकारी डिजिटल पोर्टल पर दर्ज की जाती है और सत्यापन के बाद उसे किसान पहचान संख्या जारी की जाती है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने किसानों से अपील की कि वे फार्मर रजिस्ट्री के लिए आगे आएं और समय रहते अपना पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि यह पहल किसानों को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने के साथ-साथ कृषि व्यवस्था को मजबूत बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस दौरान एसडीएम बड़ौत भावना सिंह भी मौजूद रहीं।

# चतुर्थ विशाल श्री श्याम संकीर्तन का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** शनिवार की रात चतुर्थ विशाल श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। खेकड़ा कस्बे की गांधी गंज मंडी में हुए इस कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इसका आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल बागपत द्वारा किया गया था।

संकीर्तन स्थल को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। जैसे ही भजन गायकों ने श्री श्याम के भजन प्रस्तुत करने शुरू किए, श्रद्धालु झूम उठे। पूरा पंडाल हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक संदीप मस्ताना, हरीश नामदेव और अधिष्ठा-अनुष्का बहनों ने अपनी मधुर आवाज में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। उनके भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और लोग देर रात तक भक्ति में लीन रहे। इस दौरान श्रद्धालु तालियों और जयकारों के साथ बाबा श्याम की महिमा का गुणगान करते नजर आए। आयोजकों ने बताया कि श्री श्याम संकीर्तन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण को बढ़ावा देना तथा लोगों को भक्ति से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंत में बाबा श्याम की आरती की गई और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।



# 25 हजार रुपये के इनामी प्रिंस की तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शामली के बहावड़ी गांव की पूर्व प्रधान बबली देवी के पति विवेक उर्फ विक्की की हत्या के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी प्रिंस की तलाश में पुलिस ने शामली, मेरठ और मुजफ्फरनगर में कई स्थानों पर दबिश दी है। प्रिंस और उसकी मां सहित कई रिश्तेदार पुलिस की छापेमारी के बाद से भूमिगत हो गए हैं।

यह घटना मंगलवार रात बागपत जनपद के दोघट कस्बे में सतेंद्र की बेटी नेहा की बरात के दौरान हुई थी। शादी कराने वाले बिचौलिए विवेक उर्फ विक्की पर फार्म हाउस की पार्किंग में पुरानी रंजिश के चलते ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। इस दौरान विपिन समेत कई लोग बाल-बाल बचे।

हत्या के बाद भाग रहा यशवीर उर्फ रजत खेत में लगे कटीले तारों में उलझकर गिर गया, जिसे मौके पर ही पकड़ लिया गया। पुलिस ने हत्यारोपी रजत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

वहीं, उसके चचेरे भाई प्रिंस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है, जबकि उसकी मां और ताऊ भी इस मामले में वांछित हैं।

हत्यारो. पियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें शामली पुलिस के सहयोग से उनके रिश्तेदारों के ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

दोघट थाना प्रभारी केवल सिंह ने बताया कि अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी जारी है और कुछ अहम सबूत हाथ लगे हैं।

उन्होंने जल्द ही अन्य आरो. पियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया।

# फार्मर रजिस्ट्री है किसानों की डिजिटल पहचान बनाने की प्रक्रिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** फार्मर रजिस्ट्री दरअसल किसानों की डिजिटल पहचान बनाने की प्रक्रिया है। इस प्रणाली में किसान की पहचान, उसकी खेती की जमीन, फसल से संबंधित जानकारी और बैंक खाते का विवरण सरकारी डिजिटल पोर्टल पर दर्ज किया जाता है। इसके बाद किसान को एक यूनिक किसान पहचान संख्या यानी फार्मर आईडी दी जाती है। भविष्य में यही किसान की पहचान के रूप में काम करेगी और विभिन्न सरकारी योजनाओं में इसका उपयोग किया जाएगा। फार्मर रजिस्ट्री दरअसल केंद्र सरकार की एग्रीस्टैक पहल का अहम हिस्सा है। एग्रीस्टैक का उद्देश्य कृषि क्षेत्र के लिए एक डिजिटल ढांचा तैयार करना है, जिसमें किसानों का डेटा, भूमि रिकॉर्ड और फसल से जुड़ी जानक. ारी एकीकृत रूप से उपलब्ध हो सके। इसके आधार पर किसानों को डिजिटल कृषि सेवाएं प्रदान करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे खेती को आधुनिक और अधिक व्यवस्थित बनाया जा सके। फार्मर रजिस्ट्री बनने के बाद किसानों को कई प्रकार के फायदे मिलने की उम्मीद है। सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि किसानों को मिलने वाली सरकारी सहायता और योजनाओं का पैसा सीधे उनके बैंक खाते में पहुंच सकेगा। इसके अलावा किसानों को अलग-अलग योजनाओं के लिए बार-बार दस्तावेज जमा करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी, क्योंकि उनका पूरा रिकॉर्ड पहले से डिजिटल प्रणाली में उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही फसल बीमा, कृषि उपकरणों पर सब्सिडी और अन्य कृषि योजनाओं का लाभ भी किसानों को अधिक पारदर्शी तरीके से मिल सकेगा।

## एक नजर

# अवैध हथियार के साथ युवक का फोटो वायरल, जांच में जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** कोतवाली क्षेत्र के रटौल कस्बे में एक युवक का पिस्टल के साथ फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। रविवार को यह फोटो सामने आने के बाद बागपत पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है।

पुलिस ने खेकड़ा थाना प्रभारी को इस पूरे प्रकरण की जांच करने और तथ्यों के आधार पर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। वायरल फोटो में युवक हाथ में पिस्टल लिए हुए दिख रहा है, जिससे स्थानीय लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कुछ लोग इसे युवाओं में हथियारों के प्रति बढ़ते आकर्षण और दिखावे से जोड़कर देख रहे हैं। खेकड़ा क्षेत्र में युवाओं के बीच हथियारों के साथ फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन एक गंभीर मामला है। यदि किसी युवक द्वारा अवैध हथियार के साथ फोटो या वीडियो बनाकर उसे वायरल किया जाता है, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। रटौल चौकी प्रभारी भूरेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही। फिलहाल, पुलिस वायरल फोटो की गहनता से जांच कर रही है। युवक की पहचान सुनिश्चित करने और उसके पास मौजूद हथियार की वैधता की पड़ताल की जा रही है।

# सपाइयों ने मनाई सामाजिक परिवर्तन के महानायक मान्यवर कांशीराम की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को समा. जवादी पार्टी कार्यालय पर सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सामाजिक परिवर्तन के महानायक मान्यवर कांशीराम की जयंती मनाई।




इस दौरान काशीराम के चित्र पर माल्यार्पण किया गया ,उसके बाद मान्यवर कांशीराम के विचारों पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम अछूतो, वंचितों, उपेक्षितों और उत्तपीड़ितों के राजनीतिक एकीकरण का कार्य करने वाले एक महानायक थे।

उन्होंने बहुजनों के बीच जाकर, राजनीतिक और सामाजिक रूप से बहुजनों को जागृत किया और उस बड़े वर्ग को उनके उत्थान के लिए राजनीतिक रूप से लामबंद करने में सफल रहे, उनको वंचित और गरीबों के उत्थान के लिए अथक संघर्ष और समर्पण भाव से कार्य करने के लिए सदियों तक याद किया जाता रहेगा।

इस अवसर पर सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष बिल्लू प्रधान, नगेंद्र सिंह, काला विधूड़ी, सतीश, सुरेंद्र, भालेन्द्र, कविता आदि मौजूद रहे।

# सैनिक की कुपवाड़ा में हृदयगति रूकनें से मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव के एक 45 वर्षीय सैनिक की एक आप्रेशन के दौरान कुपवाड़ा (जम्मू कश्मीर) में हृदय गति रूकने से मौत हो गयी जब यह खबर गांव में पहुंची तो गांव में शौक की लहर दौड़ गयी। वही परिजनों का रो रो बुरा हाल है।

ढिकोली निवासी 45 वर्षीय सूबेदार मेजर संदीप ढाका पुत्र जसवीर आर्मी में यूनिट 18 जाट पोस्टिंग 61 आर.आर.16 सेक्टर कुपवाड़ा (जम्मू कश्मीर) मे तैनात था जहा एक आप्रेशन के दौरान उनकी हृदय गति रूकने से मौत हो गयी जब यह खबर ढिकोली गांव पहुंची तो गांव में शौक की लहर दौड़ गयी। वही परिजनों का रो रो बुरा हाल है। गांव के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।



मृतक का फाइल फोटो

# यमुना बाढ़ से बच सके फसल, यमुना में 18 करोड़.से बनेंगे बांध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश शबगा गांव में यमुना नदी पर यमुना में बाढ़ से फसल को बचाने के लिए सिंचाई विभाग अब बांध बनाएगा ताकि किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए 18 करोड़ रुपये का बजट विभाग को मिल गया है और कार्य कराने के लिए निविदा जारी कर दी है। जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा।

जिले में हर साल यमुना में बाढ़ आने के कारण जागोस व शबगा गांव में किसानों की फसल नष्ट हो जाती है। इस बार भी एक हजार बीघा से अधिक किसानों की फसल में पानी भरने के कारण बर्बाद हो गई थी और काफी फसल कटान के कारण यमुना में समा गई थी। अभी तक किसानों को जो मुआवजा मिला है। वह ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुआ है। इस मुवावजे से किसान संतुष्ट नहीं है। शबगा गांव के किसान अक्षय कुमार वेदपाल पवार रवि शास्त्री धर्मपाल सिंह मास्टर रामपाल सिंह चौधरी कालूराम बाली सिंह एवं जागौश गांव के पूर्व प्रधान विजयपाल शर्मा पूर्व प्रधान राजू त्यागी गंगा चरण त्यागी कपिल त्यागी सतपाल त्यागी सुरेश शर्मा अनिल मुखिया अजय त्यागी ओम दत्त शर्मा आदि किसानों की आर्थिक स्थिति भी खराब हो रही है। किसानों ने भी प्रशासन से मुआवजा दिलाने व यमुना में बांध बनवाने की मांग की थी ताकि किसानों की फसल को नष्ट होने से बचाया जा सके। किसानों की मांग के बाद शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इसके बाद शासन ने 18 करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है और अब सिंचाई विभाग ने निविदा जारी कर दी है। जल्द ही यमुना में बांध बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा और किसानों को परेशानी नहीं होगी। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता रजनीश कुमार ने बताया कि बजट मिल गया है और निविदा जारी कर दी गई है। किसानों ने निर्माण कार्य को जल्द चालू करने की भी मांग की है।



# रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को मेरठ रोड़ स्थित वात्सयान पैलेस मे राष्ट्रीय जागरूक ब्राह्मण महासंघ एवं मेरी आवाज सुनो फाउंडेशन द्वारा रानी लक्ष्मी बाई पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक लोकेश दीक्षित ने कहा नारी जगत जननी है पालनहार है भाग्य विधाता है, बच्चों का प्रथम गुरु ही नारी होती है उनका जितना भी सम्मान किया जा सके उतना ही काम है।

संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित आरडी शर्मा ने कार्यक्रम को संबो. धित करते हुए बताया कि हमारी संस्था महिला सशक्तिकरण के अनेकों कार्य करती है। आज संस्था ने 251 समाज में अग्रणी भूमिका निभाने वाली बहनों को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित किया। भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि सभी बहने अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, उन्हें संस्कार दे ताकि वे आगे चलकर इस देश वह अपने समाज का नाम रोशन कर सके। कार्यक्रम में देवेंद्र तोमर एडवोकेट, राधेश्याम शर्मा, धर्मेंद्र प्रधान, साक्षी शर्मा, अशोक शर्मा, आरती शर्मा, अमिता शर्मा, अन्नू कौशिक, वर्षा शर्मा, वैशाली शर्मा, आरती मान, मोनिका शर्मा रजनी शर्मा एडवोकेट, अनुराधा शर्मा, प्रीति शर्मा, विजय शर्मा, ओम दत्त शर्मा अशोक पांडे हिमांशु शर्मा विकास शर्मा सत्येंद्र शर्मा दिनेश शर्मा विनोद शर्मा महेंद्र दत्त शर्मा विनीत शर्मा क्रिश्चियन दत्त शर्मा केपी शर्मा आवेश भारद्वाज कृष्णपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।



# लेफ्टिनेंट बनकर गांव लौटे देवांक तोमर का ग्रामवासियों ने ढोल नगाडो व फूल मालाओं से किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गढ़ी बेगमाबाद निवासी देवांक तोमर लेफ्टिनेंट बनकर आज अपने गांव पहुंचे। जहां पर जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों व क्षेत्र वासियों गर्म जोशी से फूल मालाएं पहनाकर ढोल नगाड़ों से जोरदार स्वागत किया। तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

बेगमाबाद गढी निवासी देवेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ मेल्फोर्ड सिटी रोहटा रोड मेरठ में रहते हैं। देवेंद्र के बड़े बेटे देवांक तोमर ने ऑफिसर्स प्रशिक्षण अकादमी ओटीए चेन्नई में 7 मार्च को ऑफिसर पासिंग आउट परेड में लेफ्टिनेंट पद प्राप्त किया। रविवार को ट्रेनिंग से वापस आने पर क्षेत्र वासियों ने ढोल नगाड़ों के साथ फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। देवांक ने गांव में पहुंचते ही गांव से बाहर स्थित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की और भगवान का कामना पूर्ण होने के लिए धन्यवाद किया। सम्मान समारोह में छपरौली विधायक डा.अजय कुमार, ब्लॉक प्रमुख कुलदीप तोमर उर्फ चीकू, चौरासी खाप चौधरी प्रतिनिधि संजीव तोमर, थांबा चौधरी यशपाल सिंह, चौधरी देवेंद्र सिंह, चौधरी राजेंद्र सिंह ने स्मृति चिन्ह एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अवसर पर गौरव तोमर, ब्रजवीर प्रधान, संजीव ठेकेदार, रामछैल पंवार, मुकेश तोमर, जितेंद्र अध्यक्ष, पूर्व प्रधान वेद प्रकाश, पूर्व प्रधान रामकिशन, राजेंद्र चौधरी, रामपाल ठेकेदार, ऋषिपाल टिटौली, दिव्य तोमर, देवेंद्र तोमर, शिवम तोमर आदि मौजूद रहे।

# हवा और बारिश के कारण गन्ना कोल्हुओं का पेराई कार्य ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दोघट।** चौगामा क्षेत्र में रविवार सुबह हवा और बारिश के कारण गन्ना कोल्हुओं का पेराई कार्य ठप हो गया।

ईंधन भीग जाने से क्षेत्र के लगभग डेढ़ सौ कोल्हू बंद हो गए हैं, जिससे कोल्हू मालिकों और किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

रविवार सुबह से रुक-रुक कर हवा के साथ बारिश होती रही। इस बारिश के कारण चौगामा क्षेत्र में संचालित गन्ना कोल्हुओं का ईंधन पूरी तरह भीग गया। तेज हवा और बारिश से ईंधन गीला होने के चलते करीब 60 गन्ना कोल्हू बंद हो गए। कोल्हू बंद होने से किसानों के खेतों में गन्ना छिलाई का कार्य भी प्रभावित हुआ है। इसके परिणाम स्वरूप पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता में भी दिक्कतें आ रही हैं। कोल्हू मालिक राजबीर, रो. हताश, राजू और सुनील सहित अन्य ने बताया कि हवा के साथ रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण कोल्हू पर कोई काम नहीं हो पा रहा है।

उनका कहना है कि इस बारिश से कोल्हू संचालकों को भारी आर्थिक नुकसान होगा। हालांकि, यह बारिश किसानों की कुछ फसलों के लिए फायदेमंद बताई जा रही है, लेकिन कई स्थानों पर सरसों की फसल अधिक वजन के कारण झुक गई है। इसके अतिरिक्त, बारिश से भट्टा मालिकों को भी नुकसान होने की आशंका है।

# पहली पाली में 1447 और दूसरी पाली में 1263 रहे अनुपस्थित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को दूसरे दिन भी जिले में 14 परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में उप-निरीक्षक की लिखित परीक्षा हुई। सुरक्षा के लिए केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। केंद्रों के बाहर कड़ी सुरक्षा और केवाईसी के बाद अभ्यर्थियों को केंद्र पर प्रवेश दिया गया। परीक्षा शांतिपूर्ण व नकल. विहीन कराने के लिए अधिकारियों ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी और सुरक्षाकर्मियों को दिशा-निर्देश दिए। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रो पर सीसीटीवी कैमरे और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय और पुलिसलाइन में बनाए गए कंट्रोल रूम से निगरानी की गई। परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्टेकृट के अलावा वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और दो-दो परीक्षा सहायक मौजूद रहे।

परीक्षा को लेकर दूसरे दिन भी पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। परीक्षा के दौरान डीएम अस्मिता लाल और एसपी सूरज कुमार रॉय ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखी और केंद्र पर तैनात अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों ने जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए। जिले में बनाए गए 14 परीक्षा केंद्रों पर दोनों पाली में 10080 अभ्यर्थी परीक्षा के लिए पंजीकृत थे। जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर रविवार को दूसरे दिन हुई दारोगा की लिखित परीक्षा में दोनों पाली में 2710 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पहली पाली में पंजीकृत 5040 में 3593 उपस्थित रहे, जबकि 1447 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 5040 अभ्यर्थियों में से 3777 ने परीक्षा दी, जबकि 1263 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

# दरोगा भर्ती परीक्षा में नकल पर पूरी तरह लगी लगाम

## नौ केंद्रों पर सख्त निगरानी में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** नगर सहित जनपद हापुड़ के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक दरोगा भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन रविवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सघन निगरानी के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हो गया। जनपद के कुल नौ परीक्षा केंद्रों पर बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे। पहले दिन दोनों पालियों में जनपद में करीब पांच हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, जबकि 2082 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरे दिन भी अभ्यर्थियों की अच्छी उपस्थिति रही और परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

सुरक्षा की दृष्टि से सभी केंद्रों के मुख्य प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों की कड़ी जांच की गई। सघन तलाशी के बाद ही अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, प्रवेश पत्र और कलम के साथ परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों के बाहर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासनिक अधिकारियों ने समय-समय पर केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का



जायजा लिया। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन पूरी तरह शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी के कारण परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और बिना किसी व्यवधान के सफलतापूर्वक पूरी हुई।

# तिरंगे को ऊंचा करने वाला सपूत महावीर विनोद राणा सम्मान और न्याय को तरस रहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कभी विश्व मंच पर भारत का तिरंगा लहराकर देश का नाम रोशन करने वाले महावीर विनोद राणा आज न्याय की उम्मीद में दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। देशभक्ति और समर्पण की मिसाल माने जाने वाले राणा का कहना है कि जिन्होंने राष्ट्र के सम्मान के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया, आज वही अपने हक और सम्मान के लिए आवाज उठाने को विवश हैं। महावीर विनोद राणा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देश का गौरव बढ़ाया था। उस समय उनके इस साहसिक और प्रेरणादायक कार्य की सराहना भी हुई, लेकिन समय के साथ उनका योगदान मानो भुला दिया गया। अब वे न्याय और सम्मान की मांग को लेकर सरकार और प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं।




उनका दर्द इस बात से झलकता है कि देश के लिए किए गए त्याग और समर्पण के बावजूद उन्हें उचित सम्मान और सहयोग नहीं मिल पाया।

उन्होंने प्रदेश सरकार से उम्मीद जताई है कि उनकी बात सुनी जाएगी और उन्हें न्याय मिलेगा। महावीर विनोद राणा की कहानी केवल एक व्यक्ति की पीड़ा नहीं, बल्कि उन सभी देशभक्तों की भावनाओं का प्रतीक है जो राष्ट्र के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर देते हैं। राणा का कहना है कि तिरंगा हमेशा ऊंचा रहेगा और उन्हें विश्वास है कि देश अपने सच्चे सपूतों को कभी नहीं भूलता। अब देखना यह है कि उनकी यह गुहार कब और कैसे सुनी जाती है।

# विद्युत लाइन से चिपकी महिला, बचाने दौड़ी बेटी भी झुलसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद के बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के जखेड़ा रहमतपुर गांव में रविवार को एक दर्दनाक हादसे में महिला की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसे बचाने पहुंची उसकी बेटी गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी बबिता (पत्नी देवेंद्र) अपने घर के बाहर कपड़े सुखा रही थीं। इसी दौरान पास से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आने से उन्हें तेज करंट लग गया। करंट इतना तीव्र था कि वह जमीन पर गिर पड़ीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

मां को तड़पता देख उनकी 18 वर्षीय बेटी पिंकी घबराकर उन्हें बचाने के लिए दौड़ी, लेकिन वह



भी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों और आसपास के लोगों ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कराई और किसी तरह दोनों को अलग किया। घायल पिंकी को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर बहादुरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज मलिक ने बताया कि महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा पूरे मामले की जांच की जा रही है। अचानक हुए इस हादसे से गांव में मातम छा गया है। परि. जनों का रो-रोकर बुरा हाल है और ग्रामीण भी शोक संतप्त परिवार को सांत्वना देने में जुटे हैं।

# कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई कांशीराम जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** महान समाज सुधारक और बहुजन समाज के प्रणेता मान्यवर कांशीराम की जयंती रविवार को दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान अहमद के संयुक्त नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एकत्रित हुए और कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि कांशीराम ने जातिगत भेदभाव को समाप्त करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि डा. भीमराव आंबेडकर के विचारों और उनकी प्रसिद्ध पुस्तक



से प्रभावित होकर कांशीराम ने सामाजिक परिवर्तन का मार्ग चुना और बहुजन समाज को संगठित करने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम ने शुरुआती दौर में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया का समर्थन किया, लेकिन बाद में राजनीतिक परिस्थितियों से निराश होकर 1971 में अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक कर्मचारियों को संगठित करने के लिए एक संगठन की स्थापना की, जो आगे चलकर वामसेफ के रूप में विकसित हुआ। शहर अध्यक्ष इरफान अहमद ने कहा कि वामसेफ का उद्देश्य समाज के शिक्षित वर्ग को आंबेडकरवादी विचारधारा से जोड़ना और सामा. जिक जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस जनों ने कांशीराम के बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक न्याय, समानता तथा भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस मौके पर अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गढ़ में आज आएंगे आप सांसद संजय सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अल्लाबख्शपुर में स्थित टोल प्लाजा को अवैध बताते हुए समाज सेवी पंकज लोधी द्वारा अस्पताल में भर्ती होने के बाद भी निंरतर आमरण अनशन पर है। अब उनके समर्थन में आज सोमवार को सुबह करीब 11 बजे आप पार्टी के सांसद संजय सिंह का आगमन होगा। इसको लेकर पार्टी के पदाधिकारियों ने पंकज लोधी के परिवार के लोगों से संपर्क किया है। वहीं किसान नेता हरीश हुण् ने भी मेरठ पहुंच कर पंकज लोधी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी की है। बता दे कि समाज सेवी पंकज लोधी के द्वारा टोल के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे थे। चार दिन पूर्व उनके आमरण अनशन होने के दौरान स्वास्थ्य खराब हो गया। उनको प्रशासन के उच्च अधिकारियों के आदेश पर मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से लोगों में नाराजगी व्याप्त हो गई। हालांकि पंकज लोधी का अस्पताल में भी उपचार के दौरान आमरण अनशन जारी किए जाने की सूचना आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों को मिली। उनके समर्थन में हापुड़ जिला प्रभारी डाक्टर नरेंद्र सोलंकी उतर गए। अब पंकज लोधी के समर्थन में आज यानि सोमवार को आम आदमी पार्टी के सांसद एंव उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह का आगमन होगा। इससे पहले रविवार को नरेंद्र सोलंकी ने आस पास के गांवों में लोगों से संपर्क किया। उसके बाद पंकज लोधी के परिवार से मिलकर उनको हर संभव मदद करने और पंकज के समर्थन में रहने की बात कहीं। इसके अलावा किसान नेता हरीश हुंण ने भी मेरठ अस्पताल पहुंच कर पंकज लोधी से वार्ता कर उनका सहयोग करने की बात कहीं है।

# रामलीला मैदान में उमड़ा आस्था का सागर, नौ दिन की श्रीराम कथा संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के रामलीला मैदान में अनवरपुर ग्राम समिति के तत्वावधान में 7 मार्च से चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा का रविवार को अत्यंत भव्य और भक्तिमय वातावरण में समापन हो गया। अंतिम दिन कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाओं की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही और पूरा मैदान सुबह से ही श्रद्धालुओं से खचाखच भरा नजर आया। जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोषों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, त्याग और धर्म की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। कथा के दौरान भरत मिलाप, चित्रकूट की



महिमा और गुरु की भूमिका जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। धौलाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मेश सिंह तोमर भी कथा स्थल पहुंचे और यजमान के रूप में विधिवत पूजा-अर्चना की। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, बुजुर्ग और युवा कथा स्थल पर पहुंचे और श्रद्धापूर्वक भगवान श्रीराम की कथा सुनी। पूरे पंडाल में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर सुधीर गोयल, अखिलेश मित्तल, हरीश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, अंशुल मित्तल, अमित टोंक, ललित मोदी, वरुण शर्मा, धीरेंद्र ठाकुर और मनोज सिसोदिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों ने कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज का भी विशेष रूप से सम्मान कर आशीर्वाद लिया।

## एक नजर

### नाबालिग के अपहरण-दुष्कर्म का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना पिलखुवा पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पीड़िता को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को सरस्वती कट के पास से दबोचा है और उसके खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना पिलखुवा पर दर्ज मुकदमा बीएनएस तथा 3/4(2) पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत जांच चल रही थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए नाबालिग पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर लिया और आरोपी की तलाश तेज कर दी। सूचना के आधार पर पुलिस ने सरस्वती कट के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिर.तार आरोपी की पहचान शहरयाब पुत्र कलवा निवासी ग्राम डूहरी, थाना पिलखुवा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि नाबालिग से जुड़े मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरती जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता को आवश्यक चिकित्सकीय परीक्षण और काउंसलिंग के लिए भेजा गया है।

### घर में घुसकर हमला करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली थाना क्षेत्र के रतूपुरा गांव में एक किसान के परिवार पर हमला और घर में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

गांव निवासी रहीस ने आरोप लगाया है कि 11 मार्च को सुबह कुछ लोगों ने उनकी खेती की जमीन पर बने मकान में घुसकर गांव के शकील, मतीन, आलम, भूरे, कलवा, कादिर और अरमान ने मिलकर उनकी खेत की दीवार को बेलचा, लोहे की रॉड, सरिया और फावड़े से तोड़ना शुरू कर दिया। जब उनकी बहन हिना ने इसका विरोध किया, तो शकील, मतीन और कादिर ने हिना के साथ मारपीट की। आलम ने हिना के सिर पर सरिया से हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गईं।

आरोपियों ने बहन का गला दबाकर जान से मारने की कोशिश भी की। यह सब देखकर रहीस की पत्नी ने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित घायल बहन को लेकर थाने में रिपोर्ट लिखवाने पहुंचे ही थे कि उनकी पत्नी पर आरोपी लाठी, डंडे, सरिया और लोहे की रॉड लेकर उनके घर में फिर से घुस गए और तोड़फोड़ करने लगे। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# कृष्णचन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**मथुरा।** कृष्णचन्द्र गांधी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज माधवकुञ्ज मथुरा के विद्यालय प्रांगण में नवीन सत्र हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतीय शिक्षा समिति ब्रज प्रांत के उपाध्यक्ष व विद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक डॉ.प्रहलाद सिंह,अध्यक्ष अशोक कुमार भाटिया, उपाध्यक्ष विशाल रूहेला, पूर्व प्रबन्धक कीर्तिमोहन सर्राफ सदस्य सुधांशु खंडेलवाल तथा प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह द्वारा माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने बताया कि नवीन सत्र के लिए आयोजित इस प्रवेश परीक्षा में आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।''विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करना है।''उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा का परिणाम 16 मार्च को घोषित किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों का प्रवेश 16, 17, 18 एवं 19 मार्च को विद्यालय में साक्षात्कार के उपरांत किया जाएगा, जबकि 20 मार्च को प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों का प्रवेश किया जाएगा।

विद्यालय प्रशासन के अनुसार नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ 1 अप्रैल से विधिवत रूप से हवन पूजन से किया जाएगा।

इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य राजीव पाठक, विनय कुमार, केशव सिंह, उमेश शर्मा, नरेंद्र कुमार, लोकेश अग्रवाल, निधीश अग्रवाल, सुरेश कुमार, विजय कुमार, मुनेश कुमार, रविंद्र प्रताप सिंह, सीताराम, जगवीर सिंह, अमृत सिंह, विजयपाल सिंह, टीकाराम, बलराम शर्मा, दिव्या गुप्ता , हितेश कुमार, नवीन सक्सैना विद्यालय के समस्त आचार्यगण उपस्थित रहे।

# बिना अनुमति के काटे हरे पेड़, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव लुहारी के जंगल में गूलर के पेड़ काटने की सूचना पर पुलिस द्वारा दबिश दी गई। पुलिस ने मौके से काटे गए पेड़ को बरामद करते हुए सात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज मलिक ने बताया कि उपनिरीक्षक मुनेश कुमार शनिवार को क्षेत्र में शांति व्यवस्था के मद्देनजर कन्नौर सलोनी मार्ग से लुहारी तालाब के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान गांव लुहारी के जंगल में गूल से पहले आरा मशीन के चलने जैसी आवाज सुनायी दी। आवाज सुनकर पुलिस वालो ने मौके पर जाकर देखा तो पांच व्यक्ति आरा मशीन व कुल्हाडी से गूलर के हरे पेड़ की छटनी कर टुकडों में काट रहे थे। गूलर की हरी लकड़ी को मौके पर छोड़कर वह पुलिस वालो को देखकर कुल्हाडी व आरा मशीन लेकर घटनास्थल के पास खेत मे खडी फसल होने का फायदा उठाकर भाग गये। काफी तलाश करने पर नहीं मिले। आसपास के लोगो से जानकारी की गयी तो लोगों द्वारा गवाह न बनने की शर्त पर बताया कि जिस खेत में गूलर के पेड़ खड़े थे। जिस खेत से पेड़ का कटान किया जा रहा है वह खेत सतवीर उर्फ बबलू निवासी गांव लुहारी का है। खेत स्वामी ने अठसैनी के नासिम को ठेका देकर कटवा रहा थे। नासिम अपने गांव के सलमान, दिलाशाद, अनस, अमजल, फिरोज की मदद से दोनों गूलर की लकड़ी को कटवा रहा था। पुलिस को आता देख यह लोग भाग गये। पुलिस ने इसको लेकर वन दरोगा शबाबुल को दी गई। पुलिस ने वन विभाग की टीम के साथ 2 गूलर के पेड जड़ से अलग कटी हुयी अवस्था में खेत में पड़े पाए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिवार के लोगों उसको काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है।

मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने बताया कि शनिवार की रात को परिवार के लोग खाना खाने के बाद सो गए थे। रविवार की सुबह को जब परिवार के लोग सो कर उठे तो देखा कि उनकी 15 साल की बेटी घर पर नहीं थी। बेटी को आस पास के लोगों से संपर्क किया, लेकिन बेटी का कोई सुराग नहीं लगने पर पुलिस को मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि तहरीर पर किशोरी को तलाश किया जा रहा है। शीघ्र ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

# भाजपाई ने जारी केन्द्र व राज्य सरकार की नीतियों

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** भाजपा मथुरा महानगर के धौली प्याऊ मंडल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर 2026 महा अभियान में 7 सूत्रीय वर्ग का आयोजन कैंप कार्यालय कौशिक प्लाजा धौलीप्याऊ में किया गया। जिसमें मंडल कार्यकर्ताओं को भाजपा की केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी और बिना भेदभाव की नीतियों के बारे में अवगत कराया गया।

जिसके प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता पूर्व महानगर अध्यक्ष चेतन स्वरूप पाराशर ने भाजपा की विकास यात्रा के विषय में विस्तार से बताया। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पं. नितिन कौशिक ने की। दूसरे सत्र के मुख्य वक्ता डॉक्टर डीएन गौतम ने भाजपा कार्य पद्धति के विषय में बताया। प्रशिक्षण में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बिना भेदभाव की चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस दौरान प्रशिक्षण शिविर में राजकुमार अग्रवाल, हीरासिंह कुंतल ,घनश्याम लोधी, पवन हिंडोल यज्ञदत्त कौशिक, कुलदीप पाठक मंडल मीडिया प्रभारी पंकज खंडेलवाल, रामरतन चौधरी धर्मेश नौहवार,हर्षगौर ,योगेश चौधरी, विपिन चाहर, गौरी शंकर, विपिन पाराशर, पवन खंडेलवाल, मनोज राजपूत, विनय गिरी गोस्वामी, प्रदीप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धर्म कर्म से जीवन धन्य होता है :उपमन्यु





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** प्रख्यात भागवत प्रवक्ता ठाकुर संजीव कृष्ण ने कहा जो लोग माया को प्राप्त कर धर्मनिष्ठ आचरण करते हैं भागवत कथा एवं धार्मिक अनुष्ठान करते हैं और कराते हैं वह कलयुग में भी पुण्य आत्मा है।

इस अवसर पर एन यू जे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा कि धर्म कर्म से ही मानव जीवन धन्य बनता है।

छाबनी परिषद मथुरा के पूर्व वायस चेयरमेन श्री उपमन्यु एडवोकेट ने भागवत पीठ पर आरती की एवं भागवत आचार्य श्री संजीव कृष्ण ठाकुर जी ने श्री उपमन्यु को अटरिया उढाघ्कर के सम्मानित किया एवं इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन रेबा के प्रधान रवि शर्मा एवं उनकी पत्नी ने श्री उपमन्यु को उत्तरीय उढ़ा करके एक गदा भेंट करके मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज से भी भूपेंद्र अग्रवाल श्री पुष्पेंद्र लवानिया श्री अतुल पाराशर एडवोकेट आदि नागरिक उपस्थित रहे।

विशालकाय पंडाल में भागवत श्रोताओं की भीड़ समा नहीं रही थी गगन भेजी जय घोष कन्हैया की जय ,राधा कृष्ण की जय, गिरिराज धरण की जय के उद्घोष से पूरा वातावरण धार्मिक गंगा में प्रतीत हो रहा था।

## यूपी पुलिस की एसआई परीक्षा में पास कराने का झांसा देने वाला चढ़ा एसटीएफ के हत्थे, दो फरार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश एसआई भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियों को पास कराने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। एसटीएफ ने राया थाना क्षेत्र से एक आरोपित को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके दो साथी फरार बताए जा रहे हैं। एसटीएफ फील्ड यूनिट मेरठ के उपनिरीक्षक संजय कुमार ने थाना राया में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 14 मार्च की रात पौने नौ बजे बलदेव रोड स्थित रजनी लाइब्रेरी के पास सरकारी नल के निकट कार्रवाई करते हुए अनुज कुमार निवासी हवेली थाना राया को गिरफ्तार किया है। आरोपित निजी शिक्षक बताया जा रहा है। आरोपित अपने साथियों गोपाल रावत व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर सीधे-साधे युवकों को यूपी पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा पास कराने का लालच देकर उनसे पैसे ऐंठता था।

# उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा की शुचिता बनाए रखने को दूसरे दिन भी डीएम-एसपी ने संभाली कमान, परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

## पुलिस भर्ती परीक्षा की व्यवस्थाओं पर प्रशासन की पैनी नजर
## भर्ती परीक्षा की शुचिता बनाए रखने को केंद्र व्यवस्थापकों कड़े निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता।**

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के दृष्टिगत जनपद रामपुर में बनाए गए परीक्षा केंद्रों का दूसरे दिन भी जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने महिला डिग्री कॉलेज, पॉलिटेक्निक, मुर्तजा, रजा राजकीय इंटर कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की गहनता से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास द्वार, पेयजल, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकल-विहीन वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय सघन जांच प्रक्रिया को सुनिश्चित करने तथा परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा कक्षों की साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की भी जांच की।

इसके पश्चात जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने रजा राजकीय इंटर कॉलेज में पहुंच कर बनाए गए स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया तथा जनपद स्तर पर बनाए गए सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी के माध्यम से की जा रही लाइव निगरानी व्यवस्था को बारीकी से देखा। इस दौरान संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

# हर्षित मिश्रा हत्याकांड: कांग्रेस प्रति. निधिमंडल को रोका, सरकार पर आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर:** बदायूँ स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर हर्षित मिश्रा की हत्या के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल पीलीभीत जाने से रोका गया। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव संजय कपूर के नेतृत्व में लगभग 14 कांग्रेसजन पीड़ित परिवार से मिलने वाले थे। आरोप है कि प्रदेश सरकार ने पुलिस के माध्यम से उन्हें हाउस अरेस्ट कर रोक दिया।

पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि यह लोकतंत्र और विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश है। जिला कांग्रेस कमेटी रामपुर के जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि सरकार सच को दबाने की कोशिश कर रही है। इस विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक संजय कपूर के कैंप कार्यालय, गांधी समाधि, रामपुर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शहराध्यक्ष बाकर अली खान, सोशल मीडिया प्रभारी नोमान मुमताज खां, सरदार गुराबाज सिंह संधू, हार्पिन्दर सिंह, सरदार चरण सिंह, दीप सिद्धू, राजेश कुमार लोधी, जिवेन्दर श्यामपूर, जयदीप द्विवेदी, शानू खां, कपिल चौधरी, दुर्गेश मौर्य, मोईन पठान एडवोकेट, रियाज अहमद, जिवेन्दर गंगवार तिराहा शकील मंसूरी, मोहम्मद जकी, असलम जावेद, चितरंजन प्रसाद, जमील मियां, अजीव सिंह, इमरान अली, डॉ जफर, भूरा खां, शाहवाज एडवोकेट, जुनैद शंन्नू, शाहवेज खान, रामकिशोर लोधी, शिशुपाल लोधी सहित कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। निक्कू पंडित ने अपील की कि कांग्रेस हमेशा पीड़ितों और आम जनता की आवाज बनी रहेगी और अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

## दो लोगों से प्लॉट विवाद पर मारपीट, पुलिस ने चार पर किया केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में प्लॉट विवाद को लेकर पिता-पुत्र पर जान से मारने की नीयत से हमला किया गया। ईंट उतारने से मना करने पर चार लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार फरसे से मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।यह घटना 14 मार्च, 2026 को दोपहर करीब 3 बजे नवीगंज टांडा मार्ग पर स्थित विनोद कुमार के प्लॉट पर हुई। विनोद कुमार, जो ग्राम जगेश्वर के निवासी हैं, ने बताया कि धर्मेंद्र, राजेश, मुनेंद्र और रामवीर (सभी पुत्र रामचंद्र) उनके प्लॉट पर ईंट उतार रहे थे।जब विनोद कुमार ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान जब विनोद कुमार के बेटे राजीव उन्हें बचाने आए, तो आरोपियों ने उन्हें भी गालियां दीं।इसके बाद चारों आरोपियों ने मिलकर पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों और धारदार फरसे से जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इस हमले में विनोद कुमार और राजीव दोनों को चोटें आई हैं। विनोद कुमार ने शाहबाद थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिलासपुर में धूमधाम से मनाई गई मान्यवर कांशीराम जी की जयंती




**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**बिलासपुर (रामपुर):** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा-निर्देशानुसार, बिलासपुर स्थित समाजवादी पार्टी के कैंप कार्यालय पर वरिष्ठ नेता तजिंदर सिंह विर्क के नेतृत्व में बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी की जयंती बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। खराब मौसम के बावजूद बिलासपुर विधानसभा के दूर-दराज इलाकों से आए च्क। (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के लोगों ने भारी संख्या में शिरकत कर कांशीराम जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए तजिंदर सिंह विर्क ने कहा, ष्च्क। महज एक नारा नहीं, बल्कि मान्यवर कांशीराम जी और नेताजी मुलायम सिंह यादव जी का सपना था। जब तक शोषित और वंचित समाज में एकता नहीं होगी, तब तक देश की राजनीति की दशा और दिशा नहीं बदल सकती। विशिष्ट वक्ता और वरिष्ठ नेता अशोक सागर ने कहा, बसपा आज अपने मूल मिशन से भटक गई है। अब दलित समाज का भविष्य केवल समा. जवादी पार्टी में सुरक्षित है। हमें एकजुट होकर अखिलेश यादव जी के हाथों को मजबूत करना होगा। कार्यक्रम के अंत में सांसद प्रतिनिधि अथर अली खां ने माननीय सांसद मुहीबुल्ला नदवी का संदेश पढ़कर सुनाया। सांसद वर्तमान में देश की खुशहाली और तरक्की की दुआ के लिए उमरा यात्रा पर हैं। संदेश में उन्होंने च्क। परिवार से एकजुट होने और वर्ष 2027 में अखिलेश यादव जी को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दो. हराने का आह्वान किया।

प्रमुख उपस्थितिः सभा की अध्यक्षता प्रेमशंकर दिवाकर ने की और सफल संचालन अथर अली खां द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता अहमद नूर, अशोक लोधी, नदीम यार खां, नजीब खां, हरपाल सिंह, महेश कुमार गंगवार, गुरमीत सिंह, लक्ष्मण यादव, डॉ. उवेस खां, विक्की वर्मा, राजकुमार लोधी, टिंकू गंग. वार, सोनू खां, काशिफ खां, अर्जुन यादव, रईस खां, राजवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, आकाश, प्रदीप यादव, यादवेन्द्र सिंह टीना, याकूब खां, परमिन्द्र सिंह, चंनकीर्त सिंह, सौरभ और शाकिर भाई सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इलाही मस्जिद में 25वीं तरावीह पर कुरान-ए-पाक मुकम्मल, तरक्की और अमन-चौन के लिए दुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** मोहल्ला वेदान स्थित इलाही मस्जिद में शनिवार रात 25वीं तरावीह की नमाज के दौरान कुरान-ए-पाक मुकम्मल किया गया। रमजान के पवित्र महीने में यह विशेष आयोजन हुआ, जिसके बाद तरक्की, खुशहाली और अमन-चौन के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।इस अवसर पर नारौली से आए हाफिज सलमान ने कुरान-ए-पाक सुनाया, जिसे मस्जिद के इमाम साजिद रजा ने सुना।मुफ्ती निजामुद्दीन ने कुरान की अहमियत पर तकरीर करते हुए कहा कि हदीस शरीफ के अनुसार, जो मुसलमान रमजानुल मुबारक के रोजे रखता है और अल्लाह की रजा के लिए तराव. ीह की नमाज अदा करता है, उसके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि रमजान सब्र का महीना है और इसका इनाम जन्नत है।मुफ्ती निजामुद्दीन ने आगे कहा कि रोजा रखने वालों की जिस्मानी और रूहानी सभी बुराइयां खत्म हो जाती हैं। उन्होंने सभी मुसलमान मर्द व औरतों से रमजानुल मुबारक के रोजे रखकर अपने रब को राजी करने और ज्यादा से ज्यादा वक्त तिलावत-ए-कलाम-ए-इलाही में गुजारने की अपील की कार्यक्रम के अंत में दुआ कराई गई। इस मौके पर इमाम साजिद रजा हाफिज सलमान हाफिज इस्लाम हाफिज आसीम अली वसीम अली शान, जहीर खघन माहिर खान ओसामा वसीम कामिल मियां शब्बन मियां अजीम अहमद नहीम खघन और रिजवान खा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# तेज हवाओं से हाई टेंशन लाइन में फिर हुआ ब्रेकडाउन

## नगर समेत क्षेत्र की बिजली आपूर्ति 8 घंटे रही बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी** मामूली बूंदाबांदी और तेज हवाओं के बीच हाईटेंशन लाइन में फिर ब्रेकडाउन हो गया जिससे नगर समेत क्षेत्र के गांवो की बिजली आपूर्ति 8 घंटे बाधित रही जिससे क्षेत्रवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार को सुबह से ही आसमान पर काले बादल छाए रहे मामूली बूंदाबांदी और तेज हवाओं के बीच दड़ियाल मसवासी के बीच हाईटेंशन लाइन में ब्रेकडाउन हो गया जिससे मसवासी नगर समेत चाउपुरा भूबरा बिजारखाता रहमतगंज सीतारामपुर कुंदनपुर अलीगंज खुशहालपुर मानपुर मंसूरपुर सेमरा लाडपुर करीमपुर मिलक नौखरीद हसनपुर उत्तरी पट्टी कला घोसीपुरा धर्मपुर उत्तरी किशनपुर मौलागढ़ शिक. ारपुर शिवनगर बब्बरपुरी लो. हार इनायतगंज खानपुर उत्तरी मोतीपुरा गागन नगली नरपत नगर समेत आसपास के गांव की बिजली आपूर्ति सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रही जिससे क्षेत्रवासियों को बिजली किल्लत का सामना करना



पड़ा साथ ही रोजेदारो को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। ब्रेकडाउन दूर करने के लिए बिजली कर्मियों ने हाई टेंशन लाइन पर पेट्रोलिंग की और दड़ियाल के निकट एचडी खंबे पर फाल्ट को सही किया गया। उधर अवर अभियंता श्याम लाल ने बताया की एचडी लाइन के खंभे से फॉल्ट दुरुस्त कर दिया गया है बिजली आपूर्ति शीघ्र ही चालू कर दी जाएगी।

## इमाम मोहम्मद सलमान साहब का बयान 7:30 बजे, 8 बजे ईदगाह में होगी ईद की नमाज



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद :** रविवार को जौहर की नमाज के बाद जामा मस्जिद परिसर में ईदगाह कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष सैयद साजिद मियां ने की।

बैठक में ईद की नमाज के समय पर चर्चा हुई। सैयद लायक अली ने प्रस्ताव रखा कि सुबह 8:00 बजे ईद की नमाज अदा की जाए। सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने इसे मंजूरी दी। अंतिम मोहर ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष साजिद मियां और शहर इमाम सलमान साहब ने लगाई। शहर इमाम मोहम्मद सलमान साहब ने बताया कि वे सुबह 7:30 बजे अपना बयान देंगे और इसके बाद 8:00 बजे ईदगाह में ईद की नमाज अदा कराई जाएगी। बैठक में आगामी ईद की नमाज की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई और जिम्मेदारियां पदाधिकारियों एवं सदस्यों में बांटी गईं। बैठक में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष सैयद साजिद मियां, शहर इमाम मोहम्मद सलमान साहब, कोषाध्यक्ष सैयद इंतखाब अली, सदस्य शाहिद सैफी, सदस्य अनफाल मियां, सदस्य लायक अली, सदस्य सिफत मियां, साथ ही ईद कमेटी के विधिक सलाहकार सैयद नसीहत अली, साद मियां, हिप्पू सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। ईदगाह कमेटी ने सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने का संकल्प लिया, ताकि शहरवासियों के लिए ईद का पर्व शांतिपूर्ण और सुगम तरीके से मनाया जा सके।

## साइकिल फिसलने पर विवाद, युवक से मारपीट, पुलिस ने आरोपियों पर दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में साइकिल फिसलने के बाद हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट की गई। पीड़ित के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।यह घटना 13 मार्च 2026 की शाम करीब 8 बजे की है। ग्राम टाडा निवासी अमित अपने खेत जा रहा था। रास्ते में उसकी आंख में मच्छर गिर गया, जिससे उसकी साइकिल नाली में फिसल गई।इसी दौरान वहां मौजूद गांव के वीरेंद्र, राजीव और खमानी ने अमित को गाली देना शुरू कर दिया। जब अमित ने गाली देने से मना किया, तो खमानी ने अपने लड़कों को बुला लिया।इसके बाद सभी ने मिलकर अमित को लात-घूसों और डंडों से पीटा। इस हमले में अमित के सिर में खुली चोट आई है और शरीर पर भी कई गुम चोटें लगी हैं।किसी तरह वहां से बचकर निकलने के बाद आरोपियों ने अमित को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने शाहबाद थाने पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तेज कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर चालक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर:** थाना गंज क्षेत्र में बिलाल मस्जिद के सामने तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मारी। रिक्शा बुरी तरह चकनाचूर हुआ और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद कार चालक कर महक चाय होटल में घुस गया। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने कार और चालक को कब्जे में ले लिया। घायल ई-रिक्शा चालक भूरा पुत्र शौकत (नालापार अफरीदीयान, कोतवाली क्षेत्र) को जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## रामपुर में 200 हिंदू बेटियों को दिखाई गई द केरला स्टोरी, शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर:** हिंदू संगठन और भाजपा युवा जिला उपाध्यक्ष गोपाल गुप्ता की पहल पर लगभग 200 हिंदू छात्राओं को रामपुर के एक निजी सिनेमा हॉल में फिल्म श्द केरला स्टोरीश दिखाई गई।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को जागरूक करना और उन्हें शिक्षा, परिवार और धर्म के प्रति जिम्मेदारियों का संदेश देना था। फिल्म के माध्यम से आयोजक प्रतीक सक्सेना और गोपाल गुप्ता ने छात्राओं को किसी भी बहकावे में न आने और भविष्य मजबूत बनाने के लिए शिक्षा व आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से आग्रह किया कि वे धर्म परिवर्तन जैसी घटनाओं से दूर रहें और अपने परिवार, संस्कारों और जिम्मेदारियों को समझते हुए जीवन में आगे बढ़ें।

फिल्म देखने आई छात्राओं ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि माता-पिता का मार्गदर्शन सर्वोपरि है, धर्म और संस्कृति की सही जानकारी से कोई भी गुमराह नहीं कर सकता। कुछ छात्राओं ने अच्छी शिक्षा और मजबूत मुकाम हासिल करने की अहमियत पर भी जोर दिया।

## मारपीट और जानलेवा हमला करने वाले, दो आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** मारपीट और जानलेवा हमले के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन पर विनोद कुमार और उनके बेटे राजीव के साथ गाली-गलौज और फरसे से हमला करने का आरोप है। पुलिस ने दोनों को रविवार को न्यायालय में पेश किया। यह मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगेसर का है। विनोद कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि धर्मेंद्र, राजेश, मुनेन्द्र और रामव. ीर सभी निवासी ग्राम नवीगंज जदीद, थाना शाहबाद ने उनके प्लॉट में ईंटें उतारने से मना करने पर उनके और उनके बेटे राजीव के साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फरसे से हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। विनोद कुमार की तहरीर के आधार पर थाना शाहबाद में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक दिलीप कुमार इस मुकदमे की विवेचना कर रहे हैं।पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के मार्गदर्शन में पुलिस ने कार्रवाई की। रविवार को मुखबिर की सूचना पर मुकदमे में वांछित अभियुक्त मुनेन्द्र और राजेश दोनों निवासी ग्राम नवीगंज जदीद को तालकाबाद टांडा रोड पर ग्राम ईशाखेड़ा के आगे मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक फरसा बरामद किया गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूरी की। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, प्रधान आरक्षी कपिल कुमार, प्रधान आरक्षी शहरोज अली और प्रधान आरक्षी संजय कुमार शामिल रहे।

# पंपलेट्स और कॉमिक्स के जरिए किया जागरुक



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान फेज-पांच के तहत महिला सुरक्षा दल की टीमों ने कई स्थानों पर जागरुकता अभियान चलाया। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने साइबर क्राइम व हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरुक किया। साथ ही जागरुकता संबंधित पंपलेट्स व कॉमिक्स भी वितरित की।

मंगलवार को दल में शामिल महिला पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा-आत्मरक्षा व साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रलोभन में आकर अंजान लिंक को क्लिक न करें। अपना खाता संख्या, पिन, ओटीपी और सीव. ीवी नंबर की जानकारी किसी के साथ भी साझा न करें। साइबर ठगी होने पर साइबर पोर्टल या फिर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं। इसके अलावा पुलिस ने हेल्पलाइन नंबर वूमेन पॉवर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, एंबुलेंस सेवा 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098 और स्वास्थ्य सेवा 102 की जानकारी विस्तार से दी। साथ ही हेल्पलाइन से संबंधित पंपलेट्स भी वितरित किए। बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में इन नंबरों पर फोन करके पीड़ित पुलिस व एंबुलेंस की मद्द ले सकता है। इसके अलावा सभी को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा तकनीकि और डिजिटल सुरक्षा के महत्व को समझाया।

# शाहबाद के बंगाली तिराहे पर दो सांड भिड़े, कई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

-------------

**शाहबाद।** बंगाली तिराहे पर रविवार को दो सांडों के बीच भीषण लड़ाई हुई। इस घटना से तिराहे पर अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने वाहनों के साथ इधर-उधर भागने लगे।यह लड़ाई करीब दस मिनट तक चली। सांडों की भिड़ंत में कई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने इस घटना का वीडियो भी अपने मोबाइल फोन में कैद किया।दुकानदारों और आसपास के लोगों ने सांडों पर पानी की बोतलें डालकर उन्हें अलग किया। इसके बाद दोनों सांड एक-दूसरे के पीछे रामल. ीला मैदान की ओर भाग गए।शहर में इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों के घायल होने का खतरा बना रहता है।

# मनकरा मस्जिद में हाफिजों की गुलपोशी, काशिफ खां ने दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर:** ग्राम मनकरा स्थित मस्जिद में रमजान के पवित्र महीने में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया। इस अवसर पर हाफिज जीशान खां और हाफिज मोहम्मद रेहान ने कुरान की तिलावत कराई, जबकि इमाम हाफिज अब्दुल कदीर ने समाअत के फराइज अंजाम दिए। कुरान मुकम्मल होने के बाद विशेष दुआ का आयोजन किया गया। इमाम हाफिज अब्दुल कदीर ने नमाजियों को संबोधित करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महीने में गुनाहों से बचने के लिए अपनी जुबान, नजर और कानों को हराम चीजों से पाक रखना चाहिए। उन्होंने सभी से कहा कि नमाज, कुरान की तिलावत और नेक कामों में खुद को व्यस्त रखें, इस्तगफार मांगें और बुरी संगत से दूर रहें ताकि इबादत में मन लगे और गुनाहों से हिफाजत हो। इमाम ने आगे यह भी कहा कि आपस में इत्तेफाक और इत्तेहाद बनाए रखें और अल्लाह की नाराजगी का सबब बनने वाले कामों से बचें।

## रामपुर में उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा: अपर पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर:** रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां उप निरीक्षक नागरिक एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही थी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधाओं और अन्य आवश्यक इंतजामों का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की जा सकें।

# जिला सहकारी बैंक नए भवन में शिफ्ट शुभारंभ करेंगे चेयरमैन मोहन लाल सैनी

## आधुनिक सुविधाओं के साथ खुलेंगे बैंक के दरवाजे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर :** मिलक नगर स्थित जिला सहकारी बैंक (क्ब्ठ) अब अपने नए और विशाल भवन में शिफ्ट हो गई है। यह नया परिसर हाइवे पर सरकारी अस्पताल के सामने स्थित है। बैंक का औपचारिक शुभारंभ सोमवार को चेयरमैन मोहन लाल सैनी और अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया जाएगा। इससे पहले बैंक का संचालन जामा मस्जिद के पास पुरानी और जर्जर इमारत में हो रहा था। भवन की खराब स्थिति के कारण कर्मचारियों और ग्राहकों को हमेशा असुरक्षा का डर बना रहता था। बैंक मैनेजर मंजीत सिंह ने बताया कि लंबे समय से नए भवन की तलाश के बाद अब बैंक संचालन पूरी तरह सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान पर होगा। नए परिसर की साज-सज्जा युद्धस्तर पर की गई और रविवार शाम तक अंतिम रूप दे दिया गया। नई बिल्डिंग न केवल विशाल है, बल्कि ग्राहकों के लिए आधुनिक लॉकर और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। हाइवे पर सरकारी अस्पताल के सामने होने के कारण बैंक तक पहुंच अब और आसान हो गई है। बैंक प्रबंधन ने शिफ्टिंग के दौरान हुई अस्थायी असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है और सभी खाताधारकों से अपील की है कि वे सोमवार को शुभारंभ समारोह में उपस्थित होकर इस नए भवन का अनुभव करें।




छीपियान पुराना गज में बसपा संस्थापक काशीराम का श्रद्धांजलि समारोह आयोजित

# जातिवाद और समाजिक असमानता मिटाने के लिए किया था संघर्ष : महेश सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** बहुजन समाज के महान नेता और बसपा संस्थापक काशीराम जी की 92वीं जयंती आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। महेश कुमार सागर के आवास पर उपस्थित लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें शत-शत नमन किया।

महेश कुमार सागर ने किया समाजिक योगदान याद

अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने कहा कि काशीराम जी ने जातिवाद और सामाजिक असमानता के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने 14 अप्रैल 1984 को बहुजन समाज पार्टी की स्थापना कर समाज के शोषित वर्ग के उत्थान के लिए अपनी पूरी ऊर्जा समर्पित की। सागर ने बताया कि मान्यवर साहब बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों से अत्यधिक प्रेरित थे और शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के लिए उन्होंने कई आंदोलन किए। इस अवसर पर समारोह में मीना सिह, सुशील चौधरी, जबर सिह सागर, अमित सागर, सुभाष बबलू, तरुण सागर, विनय सागर, दया सागर, मंजू सागर, दिप्तीबाला, पप्पू सागर, दिनेश सागर और विकास सागर आदि उपस्थित रहे।



# ससुराल वालों ने विवाहिता से की मारपीट और छेड़छाड़, पति समेत पांच पर केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

------------

**पटवाई:** थाना क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि उसकी शादी 2022 में हुई थी। विवाहिता ने बताया कि शादी में हैसियत के अनुसार दहेज दिया गया, लेकिन ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे और दहेज का ताना देकर मारपीट करते थे। पिछले दिनों विवाहिता ने भोट थाने में दहेज का केस दर्ज कराया था। इसी केस के राजीनामे को लेकर ससुराल वालों ने उसे जमीन पर गिराकर मारपीट और छेड़छाड़ की। विवाहिता के पिता और भाई बचाव में आए तो उन पर भी हमला किया गया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### फेसबुक पोस्ट पर जाति विशेष को लेकर युवक गिरफ्तार

रामपुर: शहजादनगर थाना पुलिस ने फेसबुक पर जाति विशेष को लेकर अपमानजनक पोस्ट डालने के आरोप में फरमान पुत्र रईश को गिरफ्तार किया। धमोरा चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान उन्हें यह जानकारी मिली। पुलिस ने फेसबुक आईडी चेक करने पर मामला सही पाया और थ्प्त दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### लेखपाल की तहरीर पर सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण के मामले में केस

शाह टाइम्स संवाददाता

पटवाई: हल्का लेखपाल अनुभव वशिष्ठ ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नदनऊ गांव में एक व्यक्ति सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण कर रहा है। व्यक्ति ने पहले लिखित आश्वासन दिया था कि वह निर्माण नहीं करेगा, लेकिन फिर भी मिट्टी डालकर कब्जा करने का प्रयास किया। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर नदनऊ गांव निवासी जगतपाल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रामपुर में कड़ी सुरक्षा के बीच दरोगा भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न, 3788 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## सीसीटीवी निगरानी और पुलिस पहरे में हुई परीक्षा, 1492 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रविवार को जनपद में यूपी पुलिस के दरोगा पद के लिए आयोजित भर्ती परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। परीक्षा के अंतिम दिन दोनों पालियों में कुल 5280 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 3788 ने परीक्षा दी, जबकि 1492 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सकुशल संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

परीक्षा के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुबह से ही परीक्षा केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा और अभ्यर्थियों की सघन जांच के बाद ही उन्हें केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। पूरी परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई गई, वहीं इसकी मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया था। जनपद में दूसरे दिन परीक्षा के लिए कुल 11 केंद्र बनाए गए थे। इनमें शहर के राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फेकार इंटर कॉलेज, रजा इंटर कॉलेज समेत अन्य केंद्र शामिल रहे। निर्धारित समय से पहले ही अभ्यर्थी अपने-अपने केंद्रों पर पहुंचने लगे थे, जिससे सुबह से ही केंद्रों के बाहर भीड़ देखने को मिली। दो पालियों में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा समाप्त होने के बाद जब अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकले तो उनके चेहरों पर संतोष और मुस्कान दिखाई दी।



### डीएम-एसपी समेत अधिकारियों ने किया निरीक्षण

परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र के साथ अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने भी विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट और कक्ष निरीक्षकों को परीक्षा को पारदर्शी व निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सैदनगर में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### पत्नी के मायके जाने से युवक परेशान था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगर:** रविवार दोपहर नगलिया आकिल गांव के निवासी प्रमोद सैनी (30 वर्ष) ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, युवक की शादी 8 साल पहले बिहार से हुई थी और उससे दो बच्चे भी थे। लगभग ढाई वर्ष पहले पति-पत्नी के बीच विवाद के कारण पत्नी बच्चों को छोड़कर अपने मायके चली गई। इसके बाद युवक काफी परेशान रहने लगा और पत्नी को वापस लाने की कोशिशें सफल नहीं रहीं। रविवार सुबह युवक ने घर से बाहर जाने के बाद दोपहर करीब 11 बजे सैनपुर में आम के बैग में लटका शव पाया गया। घटना की जानकारी जैसे ही क्षेत्र में फैली, तो ग्राम प्रधान नगलिया गफ्फार हुसैन और पुलिस मौके पर पहुंचे। उप निरीक्षक बलराम सिंह और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर मौत के कारण का पता लगाया जा रहा है और मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव से मजबूत होगा हिन्दू समाजः अमित अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव के अंतर्गत आईटीआई साकेत में विश्व जागृति मिशन द्वारा पूज्य सद्गुरु सुधांशु महाराज के सान्निध्य में आयोजित दिव्य कथा के तृतीय दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूज्य गुरुदेव के प्रेरणादायी प्रवचनों का श्रवण कर उनके पावन आशीर्वाद प्राप्त किए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद एवं बाल योगी पूज्य उमेश नाथ तथा विश्व विख्यात योग गुरु बाबा रामदेव की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल एवं एडेको डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक वरुण अग्रवाल जी द्वारा पूज्य सद्गुरु सुधांशु, महाराज, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद पूज्य उमेश नाथ तथा योग गुरु बाबा रामदेव का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विधायक अमित अग्रवाल ने कहा कि सनातन संस्कृति जागरण महोत्सव जैसे आयोजन समाज को अपनी गौरवशाली परंपराओं, संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर डॉ. अर्चिका, मेरठ की महापौर हरिकांत अहलूवालिया एवं प्रख्यात राष्ट्रवादी कवि हरिओम पंवार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पूज्य गुरुदेव के दिव्य प्रवचनों का लाभ प्राप्त किया।

# बदायूं गोलीकांड में दिवंगत हर्षित मिश्रा के पिता से मिलकर कांग्रेसियों ने ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बदायूं में हिंदुस्तान पैट्रोलियम में हुए सनसनी खेज हत्याकांड में पूरनपुर निवासी संस्थान के असिस्टेंट मैनेजर हर्षित मिश्रा की हुई हत्या संबंधी मामले में वस्तु स्थिति की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रसाशन के द्वारा भारी रोकथाम के बाबजूद प्रसाशन की व्यवस्था को धता बताते हुए प्रदेश सचिव अनूप वर्मा, कुमुद पाल गंगवार, जिला अध्यक्ष हरप्रीत सिंह चब्बा, सोशल मीडिया के प्रदेश महासचिव नीरज अवस्थी, अरुडोध मिश्र, हरीश मौर्य संतोष वर्मा, जाहिद खान, करनजीत सिंह दिवंगत हर्षित मिश्रा के घर पूरनपुर पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। मृतक हर्षित मिश्र के पिता सुशील मिश्रा भाई वैवभ मिश्रा ने मृतक हर्षित मिश्रा की पत्नी सुमति मिश्रा ने पूरे घटनाक्रम को बताया। सुशील मिश्रा ने कहा कि घटना से पहले कई बार हर्षित मिश्रा ने हमले की आशंका जताई थी और सुरक्षा की मांग की थी हिंदुस्तान पेट्रोलियम के भी उच्चाधिकारीयों को इस सम्बंध में बताया लेकिन प्रसाशन और हिदुस्तान पेट्रोलियम ने कोई कार्यवाही एवं सुरक्षा नही की। इससे लगता है कि हर्षित मिश्रा साजिश के शिकार हो गए। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस पीड़ित को नही दिखा रही है इससे लगता है कि पुलिस तथ्यों को छुपा रही है पीड़ित के पिता ने कहा कि इस हत्याकांड में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के उच्चाधिकारी राजीव सिंह एवं अनूप सुमन की भी संलिप्तता है जब तक सीबीआई जांच नही होगी तब तक हत्याकांड का सच सामने नही आएगा। मृतक हर्षित मिश्रा का लैपटॉप व मोबाइल भी पुलिस के कब्जे में है जो पुलिस नही दे रही है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में उमड़ी मरीजों की भीड़, 1016 मरीजों का हुआ उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुरः** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के तहत जनपद रामपुर में रविवार को स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। मेले में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मेले में कुल 1016 मरीजों का पंजीकरण कर उनका उपचार किया गया, जिनमें 444 पुरुष, 427 महिलाएं और 145 बच्चे शामिल रहे। इसके अलावा पात्र लाभार्थियों के 349 गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। स्वास्थ्य केंद्रों पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराईं। इस संबंध में डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों को निःशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि मेले में मरीजों की जांच, दवा वितरण और विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी दी गई।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं।

# सपाइयों ने धूमधाम से मनाग्र काशीराम जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नकटादाना स्थित केजीएन-2 समाजवादी पार्टी कैम्प कार्यालय पीलीभीत में बहुजन नायक काशीराम जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने सम्बोधन में कहा कि कांशीराम जी ने समाज के दबे-कुचले, शोषित और वंचित वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने बहुजन समाज को संगठित कर सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई को नई दिशा दी। उनका संघर्ष और विचार आज भी देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि कांशीराम जी का जीवन हमें यह सिखाता है कि शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री फूल बाबू, सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव, सपा जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, हाजी अकबर अहमद अंसारी, रूपराम कश्यप, आरती महिंद्र, सयुस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू 129 विधानसभा अध्यक्ष पूरनपुर संजय सिंह यादव, ठाकुर मीता सिंह, गयासुद्दीन मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# निजी अस्पताल में भर्ती प्रसूता की हालत बिगड़ी तो किया रफेर, प्रसूता की रास्ते में हूई मौत, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** कोतवाली क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में भर्ती प्रसूता की हालत बिगड़ने के बाद मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। अस्पताल स्टाफ द्वारा पहले सुरक्षित प्रसव का दावा किया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद महिला की तबीयत बिगड़ने पर उसे एम्बुलेंस से पीलीभीत रेफर कर दिया गया। रास्ते में ही महिला की मौत हो जाने के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। रविवार सुबह घटना की जानकारी फैलते ही गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अस्पताल के बाहर जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरपुर निवासी सोनू की पत्नी रूबी 28 वर्ष को शनिवार दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर बंडा चौराहा हाईवे स्थित गुरु कृपा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल स्टाफ ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि प्रसव सुरक्षित तरीके से कराया जाएगा। स्टाफ के आश्वासन पर परिजन इलाज के लिए राजी हो गए। बताया जा रहा है कि रात के समय प्रसव के दौरान रूबी ने एक पुत्र को जन्म दिया। परिवार में पहले खुशी का माहौल बना, लेकिन कुछ ही देर बाद प्रसूता की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाफ स्थिति संभाल नहीं पाया और आनन-फानन में महिला को पीलीभीत रेफर कर दिया। एम्बुलेंस से ले जाते समय रास्ते में उसे मृत घोषित कर दिया गया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। नाराज परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। रविवार सुबह घटना की सूचना पूरे गांव और आसपास के इलाकों में फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल के बाहर जमा हो गए। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने परिजनों से बातचीत कर मामले की जानकारी ली और जांच शुरू कर दी है।मृतका रूबी के पहले से दो लड़किया हैं। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है।

# रंगदारी और अवैध वसूली के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जनपद के रोहटा क्षेत्र में चिकन मीट का कारोबार करने वाले दुकानदारों से अवैध वसूली और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित दुकानदार ने आरोप लगाया है कि गांव का ही एक दबंग व्यक्ति अपने साथियों के साथ मिलकर बाजार में चिकन और मीट की दुकानों से जबरन हफ्ता वसूली कर रहा है।



पीड़ित का कहना है कि वह रोहटा मुख्य बाजार में अपने पुश्तैनी मकान में चिकन मीट का मानक के अनुसार व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। आरोप है कि गांव का ही प्रवेश नामक व्यक्ति अपने गिरोह के साथ दुकानदारों पर मुख्यमंत्री और भाजपा का खौफ दिखाकर अवैध वसूली करता है। बताया गया कि कुछ माह पहले एक चिकन बिरयानी की दुकान से 15 हजार रुपये प्रतिमाह वसूले जा रहे थे। पैसे न देने पर दुकान की वीडियो बनाकर वायरल कर दी गई, जिससे दुकान बंद हो गई। इसके बाद अन्य दुकानदारों से 20 हजार रुपये तक हफ्ता तय कर लिया गया। पीड़ित के अनुसार दो दिन पहले एक युवक उसकी दुकान पर आया और हफ्ते की मांग की। मजबूरी में उसने 10 हजार रुपये उधार लेकर दे दिए, लेकिन बाकी पैसे न होने की बात कही। शुक्रवार शाम करीब पौने छह बजे रमजान के इफ्तार के समय वही युवक फिर दुकान पर पहुंचा और प्रवेश व उसके साथियों के नाम पर 10 हजार रुपये और मांगे। पैसे न देने पर कारोबार बंद कराने, पुलिस से फर्जी कार्रवाई कराने और जान से मारने की धमकी दी गई।

पीड़ित का आरोप है कि युवक ने मोबाइल से वीडियो बनाते हुए गाली-गलौच की और मारपीट भी की। इसके बाद वह उसके चचेरे भाई गुलनार की दुकान पर भी पहुंचा और वहां भी वीडियो बनाकर धमकाया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रंगदारी और अवैध वसूली के मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### सीओ सदर देहात सुधीर कुमार ने परीक्षितगढ़ में निकाला फ्लैग मार्च

**परीक्षितगढ़।** आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हैं तथा अधिकारियों के निर्देश पर सभी सीओ अपने अपने थाना क्षेत्र में किसी भी घटना से निपटने के लिए फ्लैग मार्च कर रहे हैं जिससे कोई असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश ना करें। इसी के तहत सीओ सदर देहात सुधीर कुमार के नेतृत्व में आगामी त्योहारों को लेकर परीक्षितगढ़ थाने का निरीक्षण कर थाना पुलिस के साथ नगर में फ्लेग मार्च किया तथा थाना पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा कहां की अगर कोई भी आगामी त्योहारों पर माहौल खराब शांति भंग करता है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घेर मुबारक शाह खान में हुआ कुरान ए पाक मुकम्मल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** आज समाज में अध्यात्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला, जब कप्तान वाली मस्जिद में हाफिज सैय्यद मुख्तर मिया गुल्लू के बेटे, सैय्यद अली मिया ने पूरे कुरान ए पाक को तिलावत कर मुकम्मल किया। समारोह में समाजसेवी मामून शाह खान ने हाफिज सैय्यद अली मिया और उनके पिता को पारंपरिक शाल पहनाकर सम्मानित किया और इस उपलब्धि पर मुबारकबाद पेश की।




## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 2070/453सी0(ई0टेण्डर)-3/25 दिनांक: 12.03.2026

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**

1-महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड-1 लो0नि0वि0, बरेली के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार लो0नि0वि0 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिशत दरों पर ई-निविदा दिनांक 18.03.2026 से दिनांक 24.03.2026 की मध्यान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 24.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे ऑन-लाइन खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य( (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | वित्तीय वर्ष 2025-26 मे रम्पुरा मोड से अलीगंज सिरौली मार्ग के किमी0-01 से 14 में सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण | निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,बरेली | 421.24 | 23.07 | 4 माह | 2725.00 | ए मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(राजीव अग्रवाल)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-1,लो0नि0वि0,बरेली

UPID-248211, DATE-14/03/2026
WEBSITE-www.up.gov.in

(प्रकाश चन्द)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

